द हेरिटेज ग्लोबल एकेडमी, इकबालपुर

आवधिक मूल्यांकन-2 (2023-24)

कक्षा – 5

हिंदी

*निर्धारित समय: 2 घंटे* — *अधिकतम अंक*: 30

## पठित बोधगम्यता

प्र-1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

क्रिसमस ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। यह ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह के जन्म दिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को दुनियाभर में अत्यंत धूम्-धाम, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। क्रिसमस की तैयारियाँ काफी दिन पूर्व शुरू हो जाती है। इस अवसर पर ईसाई लोग नए-नए वस्त्र पहनते हैं; अपने घरो को सजाते हैं तथा अपने मित्रों एवं संबंधियों को शुभकामनाएँ तथा उपहार भेजते हैं। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाएँ आयोजित की जाती है। वेटिकन सिटी में ईसाइयों से सबसे बड़े धर्म गुरू 'पोप' लोगो को दर्शन तथा अपना सन्देश देते हैं। इस अवसर पर घरो में क्रिसमस ट्री सजाया जाता है। बच्चे साँता क्लॉज की प्रतीक्षा करते हैं। यह त्योहार प्रेम, शांति, क्षमा तथा भाईचारो का सन्देश देता है।

(क) ईसाइयों का प्रमुख त्योहार क्या है?

(ख) यह पर्व कब मनाया जाता है?

(ग) गिरजाघरों में क्या आयोजित किया जाता है?

(घ) बच्चे किसकी प्रतीक्षा करते हैं?

(ङ) यह त्योहार क्या सन्देश देता है?

## गद्य/पद्य

प्र-2. सही उत्तर चुनिए। ½×6=3

(क) ग्वालिन के सिर पर थी-

(अ) नगरी (ब) गगरी (स) डगरी

(ख) तिन सू कौन से फूल लाया था?

(अ) गुलाब (ब) गेंदा (स) गुडहल

(ग) कोको कहाँ का रहने वाला था?

(अ) जापान (ब) थाइलैंड (स) बर्मा

(घ) बुआ ने मैडल गलवा कर क्या बनवाया?

(अ) नगरी (ब) दुकान का मैनेजर (स) चार चूडियाँ

(ङ) उ बा नुन कौन था?

(अ) कोको का दोस्त (ब) दुकान का मैनेजर (स) मिमि का दोस्त

(च) स्वामी के दादा क्या थे?

(अ) सब-मजिस्ट्रेट (ब) मजिस्ट्रेट (स) वकील

प्र-3. नीचे लिखे प्रश्नों उत्तर दीजिए। 1×2=2 (क)

अम्मी ने खानसामा को क्या बनाने के लिए कहा?

(ख) नीनी कोको के घर क्यों गया था?

## व्याकरण

प्र-4. निम्न प्रश्नों में सही विकल्प का चयन कीजिये – ½×10=5

(क) व्याकरण की दृष्टि से बर्मा क्या है?

(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम (स) विषेशण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द चुनिए।

(अ) आगरा (ब) स्वामीनाथन (स) तुम

(ग) राजम एक बहादुर लड़का है इस वाक्य में उद्देश्य क्या है–

(अ) राजम (ब) बहादुर (स) लड़का

(घ) दरी शब्द का बहुवचन शब्द क्या होगा?

(अ) दरीयाँ (ब) दरि (स) दरियाँ

(ङ) रक्षक शब्द का विलोम शब्द है?

(अ) विराग (ब) भक्षक (स) अपयष

(च) वृक्ष का पर्यायवाची शब्द है–

(अ) पेड़ (ब) गज (स) देह

(छ) वाक्य के अंग होते हैं–

(अ) दो (ब) चार (स) छः

(ज) कछुआ धीरे–धीरे चलता है वाक्य में क्रिया विषेशण शब्द है–

(अ) कछुआ (ब) धीरे–धीरे (स) चलता है

(झ) चावल शब्द का सही विषेशण शब्द है–

(अ) सफेद (ब) चार (स) चालाक

(ञ) अम्मी शब्द का पुल्लिंग शब्द है–

(अ) अम्मा (ब) अब्बा (स) दद्दा

## रचनात्मक लेखन

प्र–5. अपने किसी भी एक "प्रिय खेल" पर पाँच वाक्य लिखो। 3

प्र–6. विद्यालय मे अवकाश लेने के लिये अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखो। 3

## वर्तनी

प्र–7. निम्न शब्दों में से सही सही का चयन कीजिए। ½×4=2

(क) प्रमाण र्पमाण पर्माण

(ख) मात्रभूमि मातृभूमि मात्रभूमी

(ग) मृग मग्र मर्ग

(घ) नगरी नगरि नगीरि

प्र–8. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। 1

कवी, ऐकता, पोधा, श्रीमति

प्र–9. नीचे लिखे वाक्यो को सही करके लिखिए। ½×2=1

(क) कोको छिपा रोटी दी। (ख) राजा संतरी को तुरंत बुलाया ने।

## सुलेख

प्र–13. जल ही जीवन है' इस विषय पर लेख लिखिए। 5×1=5